# उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज

पत्रांक– 414 /......(2025)/अधियाचन/ 2025–26 दिनांकः–23/05 /2025

## प्रेस–विज्ञप्ति/संशोधित विज्ञापन, (वि0स0–51)

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या–51 द्वारा प्रदेश के अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों में रिक्त सहायक आचार्य के 1017 पदों का ऑनलाइन विज्ञापन जारी किया गया था। इस ऑनलाइन विज्ञापन में सहायक आचार्य–बी0एड0 के 107 पदों का विज्ञापन भी प्रकाशित किया गया था, जिसमें आवेदन की अन्तिम तिथि 31.08.2022 थी। विज्ञापन प्रकाशन के उपरान्त मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित याचिका संख्या–12803/2022 अंजू व 02 अन्य में पारित मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक– 09.12.2022 द्वारा सहायक आचार्य बी0एड0 की अर्हता एन0सी0ई0टी0 के मानकों के अनुरूप न होने के कारण इसे रद्द करते हुए पुनः विज्ञापित करने का आदेश पारित किया गया था।

अतः मा0 उच्च न्यायालय द्वारा उक्त याचिका में पारित आदेश दिनांक 09.12.2022 एवं माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या–17719/2023 में पारित आदेश दिनांक 01.09.2023 के अनुपालन में पुनः सहायक आचार्य–बी0एड0 के 107 पदों का ऑनलाइन विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है, जिसमें विज्ञापन संख्या–51 की अन्तिम तिथि दिनांक 31.08.2022 तक एन0सी0ई0टी0 द्वारा निर्धारित अर्हता धारित करने वाले अभ्यर्थियों द्वारा ही आवेदन किया जाना है। अभ्यर्थी उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन, आयोग की वेबसाइट– www.upessc.up.gov.in पर विस्तृत विज्ञापन का सावधानी पूर्वक पढ़ने के उपरान्त ही ऑनलाइन आवेदन करें।

- **ऑनलाइन आवेदन रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ होने की तिथि – 23 मई 2025**
- **ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने की प्रारम्भ तिथि – 24 मई 2025**
- **आनलाइन आवेदन हेतु रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि – 12 जून 2025**
- **ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि – 13 जून 2025**
- **ऑनलाइन आवेदन पत्र सबमिट करने की अन्तिम तिथि – 14 जून 2025 (सायं 5:00 बजे तक)**

23/5

सचिव,
उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग,
प्रयागराज।